## खबर संक्षेप

### धारकुंडी पुलिस ने कट्टा कारतूस के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**सतना।** धारकुंडी थाना पुलिस ने एक युवक को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में रात्रि में मुखबिर की सूचना पर देवरा तिराहा पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर पकड कर नाम पता पूंछा जिसने अपना नाम देवराज गौतम ऊर्फ दादा पिता श्रीपाल गौतम उम्र 32 वर्ष निवासी नई बस्ती मंझगवां थाना मंझगवां जिला सतना मप्र का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई।आरोपी कमर में देशी कट्टा फंसाये मिला जिसे सावधानी से निकालकर चेक किया गया जिसके अंदर चेंबर में 01 जिंदा कारतूस लोड मिला। कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं एवं दस्यु प्रभावित क्षेत्र होने से धारा 11,13 एडी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर गिरफतार किया गया।

### बम-बम महाराज ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात



**मैहर।** जबलपुर बीजेपी कोर कमेटी की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, मां शारदा मंदिर के पुजारी रमेश पांडे बम बम महाराज ने कोर कमेटी की बैठक के दौरान जबलपुर पहुंचकर सौजन्य मुलाकात कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को मां शारदा का चित्र श्रीफल एवं चुनरी पहना कर भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजय होने का आशीर्वाद दिया।

### जगह-जगह स्वागत के लिए बनाए गए थे स्टेज, सूख गईं मालाएं

# घंटों विलंब से पहुंचे सीएम मोहन, रोड़ शो कैंसिल

**सतना।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को घंटों विलंब से सतना पहुंचे और उसके बाद वापस भोपाल की ओर रवाना हो गए। मुख्यमंत्री का सतना दौरा चुनाव को देखते हुए था। उन्हें भाजपा के उम्मीदवार गणेश सिंह के साथ रोड शो करते हुए नामांकन पत्र दाखिल करना था। लेकिन मुख्यमंत्री पन्ना के कार्यक्रम में व्यस्त रहे जिसकी वजह से वह काफी देर बाद सतना पहुंचे तब तक शाम हो चुकी थी।





### चुनावी सभा को किया संबोधित

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोलगवां थाने के सामने स्थित बीटीआई ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी के सतना लोकसभा के उम्मीदवार गणेश सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं।

### जगह-जगह की गई थी स्वागत की तैयारी

सतना में मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन को देखते हुए जगह-जगह स्वागत की तैयारी की गई थी। यह जानकारी दी गई थी कि चुनावी सभा के बाद मुख्यमंत्री का रोड शो होगा। वे उम्मीदवार गणेश सिंह को साथ लेकर कलेक्ट्रेट जाएंगे और नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे। सिमरिया चौक से लेकर कंवर राम टॉकीज, अस्पताल चौक, पुराना नगर निगम तिराहा, पन्नीलाल चौक, चौक बाजार, जयस्तंभ चौक, प्रेम नगर आदि इलाकों में स्वागत के लिए स्टेज बनाए गए थे।

### सूख गईं फूलों की मालाएं

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने फूलों की माला मंगवाई थी। लोग घंटे उनके आने का इंतजार करते रहे। लेकिन जैसे-जैसे देर होती गई वैसे-वैसे गर्मी और धूप की वजह से लोगों की फूलों की मालाएं भी मुरझा गईं। कई लोगों ने स्वागत के लिए अजगर माला भी बनवाई थी। लोग एक दूसरे से फोन लगाकर सिर्फ यही पूछ रहे थे कि मुख्यमंत्री पन्ना से सतना कब तक पहुंचेंगे।

### रोड शो को लेकर इंतजाम में जुटी रही पुलिस

मुख्यमंत्री मोहन यादव रोड शो को लेकर पुलिस सुबह से ही इंतजाम करने में जुटी रही। एडिशनल एसपी रोड शो के रूट का मौक मुआयना करते रहे। ट्रैफिक पुलिस ठेले वालों को हटाती रही। बार-बार यही कहा जा रहा था मुख्यमंत्री का रोड शो कैंसल हो सकता है। और शाम होते-होते कार्यक्रम कैंसिल हो गया।

# भाजपा प्रत्याशी ने दूसरा नामांकन पत्र भरा

**सतना।** बुधवार को लोकसभा सीट सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह ने दोपहर करीबन साढ़े 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंच कर पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व श्री सिंह ने गत 30 मार्च को प्रथम नामांकन पत्र जमा किया था।
नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे
भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा,नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण के कार्यक्रमानुसार प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारंभ हुई थी। 28 मार्च को एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया था,जबकि 30 मार्च को दो नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे। इनमें एक नामांकन पत्र भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह का भी था। 31 मार्च व 1 अप्रैल को अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये गये। 2 अप्रैल मंगलवार को सतना संसदीय क्षेत्र से 4 अयर्थियोंउ अशोक कुमार गुप्ता (भारतीय शक्ति चेतना पार्टी), हरिशंकर प्रसाद (भारतीय जनमोर्चा पार्टी),रंजना मिश्रा (न्याय धर्म सभा पार्टी) एवं अशोक कुमार ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। तीसरे दिन कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल हुये थे,इनमें अशोक कुमार गुप्ता एवं हरिशंकर प्रसाद ने दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किये। लोकसभा निर्वाचन-2024 में 2 अप्रैल तक कुल 6 अभ्यर्थियों द्वारा 8 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके है। 3 अप्रैल को खबर लिखे जाने तक तीन अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके थे।




### नामांकन की आज अंतिम तिथि

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा क्षेत्र सतना के लिये नाम-निर्देशन पत्र 28 मार्च से संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के कक्ष क्रमांक एफ-2 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सतना में प्राप्त किये जा रहे हैं। दूसरे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक है।

# मैहर के चैत्र नवरात्रि मेले में 15 ट्रेनों का स्टापेज

### रेलवे स्टेशन में श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने की चल रही है तैयारियां

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है,ऐसे में मैहर में मां शारदा मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की तादाद लाखों में होती है। इसे देखते हुए रेलवे ने भक्तों के लिए बड़ा निर्णय लिया है और मैहर रेलवे स्टेशन पर 15 ट्रेनें 5-5 मिनट रुकेंगी। मैहर में 15 जोड़ी ट्रेनें 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 5-5 मिनट तक मैहर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी और फिर आगे रवाना होंगी इससे देश के कोने-कोने से माई के दर्शन करने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़ेगा वहीं मैहर से जाने वाले यात्रियों को भी काफी सुविधा होगी। सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि 9 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि मेला में प्रतिवर्ष की तरह यह सुविधा मैहर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही है। मेला के दौरान यहां प्रति दिन करीब दो लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है,इसलिए मैहर में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन से लेकर मां के गर्भगृह तक करीब 1 हजार पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे।



# पानी की समस्या से वार्डों की जनता परेशान

**मैहर।** मैहर की जनता पीने के पानी की समस्या से जूझ रही है इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है कि समय रहते स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस संबंध में कोई प्लान नही बनाया गया न ही नगर में पानी कहां से लाएंगे,क्योंकि न तो मैहर के कुंआ,तालाब एवं हैण्डपपों सभी ने पानी देने से मना कर दिया है। मैहर नगर का भूमिगत जल भी खत्म होने की कगार में है।

नगर पालिका के द्वारा कुछ दिनों पहले पानी उपलब्ध कराने के लिए बोर खुदवाए गए लेकिन पानी का जल स्तर इतने नीचे गिर गया है कि बोर वाला कह देता है यहां पानी नहीं है इस प्रकार पैसे भी चले गए और आम जनता को पानी भी नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि कुछ दिनों पहले सीमेंट फैक्ट्रियों की खदानों में भरे पानी को लाने की चर्चा चल रही थी मगर उस चर्चा का पता नहीं कि क्या हुआ। क्षेत्र में पानी को लेकर कोहराम मचा हुआ है नगर पालिका द्वारा नगर के 24 वार्डो में लगभग 50 बोर करवाए गए जिनमे पानी नाम मात्र को ही मिला वहीं नगर की पानी की पूर्ति करने वाली टमस नदी पूरी तरह से सूख गई है अब बचे कूचे चंद बोर है जिससे पानी की पूर्ति की जा रही है। वहीं नगर पालिका के द्वारा मोहल्ले मोहल्ले पानी के टैंकर भेज कर भी जल की आपूर्ति की जा रही है इसके आलावा नगर में प्राइवेट टैंकर चालकों के द्वारा टैंकरों से पानी सप्लाई के नाम पर मनमाना पैसा वसूल किया जा रहा है जिसको लेकर लोगो में असंतोष व्याप्त है। कई वार्डो में पानी सप्लाई के नाम पर 600 से 1000 रुपए तक वसूल किए जा रहे हैं वहीं स्थानीय लोगो का कहना है की अभी तो गर्मी की शुरुआत में पानी की समस्या है तो मई जून में जब भीषड़ गर्मी पड़ेंगी तब पानी कहां से आएगा। पहले सरकार पानी की व्यवस्था करने के लिए गांव गांव स्टाप डेम बनाकर पानी एकत्र करती थी मगर अब डैम लापता हो गए हैं। बताया जा रहा है कि पानी की समस्या को हल करने के लिए नगर पालिका के द्वारा टमस नदी में स्टाप डेम के निर्माण के लिए निजी ठेकेदार को ठेका दिया गया था जो विगत 2 से 3 सालों से काम चलने के बावजूद अब तक पूरा नहीं हो सका है। वहीं नदी में भरा पानी बह गया अगर समय रहते यह स्टाप डेम का काम पूरा हो गया होता तो पानी की इतनी समस्या नहीं होती। लोगों में चर्चा है कि पानी की समस्या इसलिए बढ़ाई जा रही है कि पानी का व्यापार करने वालों का व्यापार चल सके। इस पानी के व्यापार से संपन्न लोग तो अपना काम चला लेंगे लेकिन गरीब आदमी कहां से पानी खरीदेगा।

# कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**सतना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल, इलेक्शन सुपर वाइजर द्वारिकेंद्र सिंह एवं निर्वाचन शाखा में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।**

### मैहर कलेक्टर ने ली बैठक

तहसील सभागार में जिला कलेक्टर रानी बाटड ने लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिह,एसडीएम विकाश सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी,अनुराग वर्धन पाण्डेय आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 3 कर्मचारियों को नोटिस जारी

लोकसभा निर्वाचन 2024 में सूचना के आदान-प्रदान के लिये कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। जो चौबीसों घंटे कार्यरत है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देश पर चुनाव अधिकारियों द्वारा बुधवार को कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया। जिसमें 3 कर्मचारी ड्यूटी पर अनुपस्थित मिले। इन तीनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 24 घंटे के अंदर समाधानकारक जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा आरईएस के सहायक ग्रेड 2 रामगोपाल साहू, सामाजिक न्याय विभाग के सहायक ग्रेड 3 प्रशांत कुमार प्रजापति और सीएमओ ऑफिस के डाटा इंट्री ऑपरेटर नागेंद्र पांडेय को नोटिस जारी की गई है। जारी नोटिस में रामगोपाल साहू और प्रशांत कुमार प्रजापति को कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर क्यों न मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत आपकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाये। जबकि डाटा इंट्री ऑपरेटर नागेंद्र पांडेय को नोटिस में संविदा समाप्ति के लिये चेतावनी दी गई है।

# लोकतंत्र के पर्व पर मतदान कर बढ़ायें देश का गौरवः अनुराग वर्मा

### मतदाता जागरुकता के लिये शहरवासी हुये मैराथन में शामिल

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये द्वितीय चरण का मतदान सतना में 26 अप्रैल को संपन्न होगा। मतदाता जागरुकता के संदेश को जिले के नगरीय और जनपद क्षेत्रों के मतदाताओं तक पहुंचाने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।मतदाताओं को जागरुक करने के लिये बुधवार को सतना शहर में स्वीप गतिविधि के तहत 'एक दौड़ मतदान के लिये'थीम पर मैराथन आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री वर्मा स्वयं भी मैराथन में शामिल हुये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप संजना जैन,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्लिन वानखेड़े, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,उपायुक्त भूपेंद्र देव परमार,सहायक नोडल स्वीप सौरभ सिंह,एआरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी सहित विद्यालयीन छात्र-छात्रायें,कैंपस एंबेसडर्स एवं शहरवासी उपस्थित रहे। कलेक्टर अनुराग वर्मा की उपस्थित मैराथन पुलिस परेड ग्राउंड सिविल लाइन से प्रारंभ हुई। जो सिविल लाईन चौक,राजेंद्र नगर,धवारी चौराहा होते हुये धवारी स्टेडियम पर समाप्त हुई।इस अवसर पर कलेक्टर श्रीवर्मा ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ है। इससे हमारी लोकतंत्र के संरक्षण व सशक्तीकरण की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। सभी मतदाता मताधिकार के उपयोग का प्रण लेकर इस अवसर को सार्थक बनाएं। सभी मत दाता 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' के सहभागी बनें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीवर्मा ने अधिकारियों और आमजन को मतदाता की शपथ दिलाई कि 'हम शपथ लेते हैं कि लोकतांत्रिक परंपराओं कि मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा तथा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'




# एकेएस के सांस्कृतिक दल ने राष्ट्रीय युवा उत्सव में मचाई धूम

**सतना।** 37 वें अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 28 मार्च से 1 अप्रैल 2024 के मध्य पंजाब कृषि विश्वविद्यालय,लुधियाना में किया गया। इस कार्यक्रम में एकेएस विश्वविद्यालय के 10 सदस्य सांस्कृतिक दल ने 2 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दर्ज कराई दोनो ही विधाओं में एकेएस के प्रतिभागियों ने शानदार विजयश्री प्राप्त की।छात्र-छात्राओं ने समूह गायन भारतीय,एवं मेहंदी विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल का प्रति निधित्व दल प्रभारी के रूप में प्रियेश झा एवं सोनू कुमार सोनी ने किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों में प्रियेश झा ने अहम भूमिका निभाई। समूह गायन भारतीय में तुलसी त्रिपाठी,चैत्या रैकवार,शांभवी सिंह,स्नेहा त्रिपाठी,उत्कर्ष सिंह,तनय शुक्ला एवं गर्वित त्रिपाठी ने प्रस्तुति दी एवं मेहंदी विधा में अस्मिता त्रिपाठी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।सांस्कृतिक निदेशालय की इस उपलब्धि पर प्रोचांसलर अनंत सोनी,प्रो.जी.सी. मिश्रा, कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े,डॉ दीपक मिश्रा,बालकृष्ण मिश्रा ने हार्दिक शुभकामनाएं एवम शुभाशीष दिया है।



## खबर संक्षेप

### किओस्क बैंक से 90 हजार रुपये चोरों ने किया गायब

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारी में स्थित किओस्क बैंक से चोरों ने 90000 रुपये नगद चोरी कर लिये। घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी जय हिंद सिंह भदोरिया पिता विशाल सिंह भदोरिया निवासी विक्रमपुर ने अमानगंज थाना में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मैं ग्राम द्वारी में बस स्टैंड पर किओस्क बैंक संचालित कर रहा हूं जहाँ दिनांक 1 अप्रैल 2024 को कामकाज करने के बाद अपने घर चला गया था इसके बाद दूसरे दिन दिनांक 2 अप्रैल 2024 को मेरे दुकान के बाजू में होटल संचालक जयकरन पटेल ने फोन कर मुझे बताया कि तुम्हारे बैंक का ताला टूटा हुआ है जब मैंने जाकर देखा तो कि कियोस्क बैंक में बैग में रखे हुए 90000 रुपए और एक चेक बुक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने फरियादी से आवेदन लेकर मामले को विवेचना में लिया और चोरों की तलाश प्रारंभ की।

### जिला व्यय अनुवीक्षण समिति का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला व्यय अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। भारत निर्वाचन आयोग के 29 मई 2015 को जारी परिपत्र में निहित प्रावधान अनुसार समिति गठित की गई है। समिति में जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार सहित खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक राजेन्द्र बी जोशी एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय ओ.पी. गुप्ता शामिल है।

### पुलिस प्रेक्षक के साथ लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस प्रेक्षक की लिपिकीय सुविधा के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें स्टेनो टाइपिस्ट रामसज्जन पटेल एवं भृत्य अजयपाल यादव शामिल हैं। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पन्ना को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### श्रमिकों को मतदान के लिए मिलेगा अवकाश

**पन्ना।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए कारखाना अधिनियम के तहत श्रमिकों को अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल को पन्ना जिला अंतर्गत भी श्रमिकों को अवकाश मिलेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधानों के तहत निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मताधिकार का उपयोग करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। दैनिक वेतन अथवा आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। उल्लंघन पर नियोजकों के विरूद्ध दण्ड का प्रावधान है।

### अचार तुड़ाई एवं संग्रहण पर 25 मई तक प्रतिबंध

**पन्ना।** वनमंडलाधिकारी दक्षिण वनमंडल कार्यालय पन्ना द्वारा म.प्र. वनोपज जैव विविधता संरक्षण पोषण कटाई नियम 2005 के तहत अचार फलों के संग्रहण के संबंध में निषिद्ध मौसम की घोषणा की गई है, जिसके तहत नियम की धारा 2(ख) के प्रावधान अनुसार धारा 4 एवं 5 के तहत वनमंडल के वन परिक्षेत्र सलेहा, कल्दा, पवई, मोहन्द्रा, रैपुरा और शाहनगर के वन क्षेत्रों में अचार फलों की तुड़ाई, संग्रहण व परिवहन पर आगामी 25 मई तक प्रतिबंध लगाया गया है। किसी व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में प्रतिबंध की अवधि में ऐसा करते पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 77 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# आज सात अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन





लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। बुधवार को सात अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म भरकर जमा कराए गए।

**पन्ना।**

इन अभ्यर्थियों में भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदत्त शर्मा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के गिरन सिंह, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के पन्ना लाल त्रिपाठी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के कपिल कुमार, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी के राजा भइया प्रजापति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पंकज मौर्य और निर्दलीय अभ्यर्थी सुनमान सिंह शामिल हैं। 4 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। अभ्यर्थियों द्वारा गुरूवार को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जा सकता है। 5 अप्रैल को प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी, जबकि 8 अप्रैल तक उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थिता से नाम वापस लिया जा सकेगा।

## मुख्यमंत्री नामांकन के बाद रोड शो में हुये शामिल



**पन्ना।** संसदीय क्षेत्र खजुराहो 08 के प्रत्याशी के नामांकन के समय म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव नामांकन जन सभा में शामिल तो नहीं हो सके किन्तु कई कार्यक्रमों में सिरकत करने के बाद रोड शो में अपनी सहभागिता निभाई। नामांकन जनसभा के बाद बड़ी संख्या में हजारों कार्यकर्ता के साथ विशाल रोड शो निकाला गया जिसमें मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के साथ बी.डी. शर्मा, संजय पाठक, तथा मंत्रीगण एवं भाजपा विधायक सभी सम्मिलित हुये। रोड शो में नजर बाग मैदान से रोड शोक का शुभारंभ होकर कोतवाली चौराहा, बल्देव जी मंदिर चौराहा, गोविन्द्र जी चौराहा तथा बड़ा बाजार होते हुये अजयगढ़ चौराहा होते हुये संपूर्ण नगर का भ्रमण किया तथा चौराहों-चौरहों में एकत्रित हुई जन समूह का अभिवादन स्वीकार किया तथा जयकारे लगाते हुये सभी से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। नगर के प्रबुद्ध लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन स्वीकार कर और हांथ हिलाकर उनकी अपील का सकारात्मक उत्तर देकर अपनी भावनाओं का इजहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि में लेट हो गया नामांकन में नहीं पहुंच पाया लेकिन यह सीट जीत के सारे रिकार्ड तोड़ देगी।

### अस्थाई कार्यालय में एक झण्डा और एक बैनर ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झण्डा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा। अभ्यर्थियों को ऐसे अस्थाई कार्यालय खोलने के पहले विधिवत अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों को अस्थाई कार्यालय की अनुमति इस आधार पर दी जा सकेगी कि ऐसा कार्यालय सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति पर अतिक्रमण कर नहीं खोला जायेगा। अस्थाई कार्यालय किसी भी धार्मिक स्थान या धार्मिक स्थल के परिसर तथा शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों में भी नहीं खोला जा सकेगा। उम्मीदवार अपना अस्थाई कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्रों से 200 मीटर के दायरे में भी नहीं खोल सकेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अस्थाई कार्यालय में लगाये जाने वाले झण्डे और बैनर में अभ्यर्थी केवल पार्टी का प्रतीक अथवा फोटोग्राफ ही लगा सकेगा।

### मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 12 अप्रैल से

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 12 से 16 अप्रैल तक होगा। निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भाजपा की दिलाई सदस्यता







**पन्ना।** नगर के नजर बाग मैदान में खचा-खच भरे नामांकन जन सभा के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कई नेता भाजपा में शामिल हुये मंच से ली सदस्यता भाजपा की इस चुनावी सभा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा से सदस्यता ग्रहण की और भाजपा पर अपनी आस्था जताई। भाजपा में सदस्यता लेने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका पन्ना की अध्यक्ष रहीं श्रीमती शारदा पाठक ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली सदस्यता लेने के बाद कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय भावना और पन्ना के विकास कार्यों से प्रभावित होकर मै भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रही हूॅ। मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होना हम सबके लिये गौरव की बात है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और हमारे सांसद विष्णू दत्त शर्मा ने पन्ना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराये है। मुझे उम्मीद है कि पन्ना में रोजगार के अवसर बढेंगे और विकास होगा। इसी तरह आम आदमी पार्टी के अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी पर विश्वास व्यक्त करते हुये पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है, कि थाना अमानगंज के सहायक उप निरीक्षक द्वारा थाना के मर्ग क्रमांक 74/2019 धारा-174 द0प्र0स0 की जांच के दौरान मृतक रूपनारायण यादव पिता गुल्लू यादव उम्र 70 साल निवासी पिपिरवाह की पंचनामा कार्यवाही पर रिपोर्ट की गई। साक्षी के कथन लेख किये गये जिसमें फरियादी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि वह ग्राम पिपरवाह का रहने वाला है। दिनांक 19.12.2019 के शाम 5:00 बजे की बात है कि उसके पिताजी रूपनारायण यादव उम्र 70 वर्ष के गहदरा से संतोष पाण्डेय की मोटरसाईकिल एम पी 35 एम सी 3280 पर बैठकर गांव पिपरवाह आ रहे थे कि गहदरा टेक के नीचे अज्ञात मोटरसाईकिल चालक ने अमानगंज तरफ से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आया और संतोष पाण्डेय की मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी थी जिससे संतोष पाण्डेय के हाथ पैर में चोट लगी थी तो वह वहीं खत्म हो गये थे। उसके गांव के दिलीप यादव ने बताया था कि तुम्हारे पिताजी गहदरा से पिपरवाह आम रोड पर घायल पडे हैं एवं गांव के हर्षराम यादव, भाई अजय यादव साथ में गये थे तो देखा कि पिताजी और संतोष पाण्डेय घायल पिताजी को देखा तो मृत हो चुके थे। तब 100 नम्बर गाडी और 108 गाडी पहुंची तो 108 गाडी पर पिताजी को अस्पताल अमानगंज लाये जहां डाक्टर साहब ने मृत घोषित बताया था। अज्ञात मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल सहित भाग गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री रोहित गुप्ता द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी गुलाब सिंह के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी - गुलाब सिंह को क्रमशः धारा- 304ए, 337 भादसं. के आरोप में क्रमशः- 02 वर्ष का सश्रम कारावास, 03 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जिसके पास धर्म है जीत उसी की होती है - श्रीमती स्मृति ईरानी

# विपक्ष ने टिकिट बदलकर हथियार डाल दिये

**पन्ना।**





भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं लोकसभा क्षेत्र 08 के प्रत्याशी विष्णू दत्त शर्मा ने दाखिल किया नामांकन पत्र, नामांकन पत्र दाखिल करने के पूर्व किया गया नामांकन जन सभा का आयोजन इस जनसभा में केन्द्रीय कपड़ा एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने साझा किया मंच साथ ही म.प्र. शासन प्रहलाद पटेल तथा दिलीप अहिरवार भी हुये भाजपा में शामिल जिले के नगर बाग मैदान में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं संसदीय क्षेत्र 08 खजुराहो के प्रत्याशी बी.डी. शर्मा के नामांकन के अवसर पर विशाल नामांकन जनसभा आयोजित की गई, जिसमें मंचासीन नेता म.प्र. शासन मंत्री प्रहलाद पटेल एवं मंत्री दिलीप अहिरवार तथा मंत्री लखन पटेल के अलावा पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह गुनौर विधायक राजेश वर्मा पवई विधायक प्रहलाद लोधी कटनी विधायक संजय पाठक, राजनगर विधायक अरविन्द्र पटैरिया तथा खजुराहो संसदीयस क्षेत्र के संयोजक सतानन्द गौतम, सुरेश पचौरी आदि कई भाजपा पार्टी के नेता शामिल रहे। सभी प्रबुद्ध नेताओं ने अपने-अपने विचार साझा किये तथा भाजपा पार्टी एवं केन्द्र तथा प्रदेश सरकार के विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये सबका साथ-सबका विकास को रेखांकित किया गया। म.प्र. शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि जो प्राण वायु हमें मिलती है उसका रास्ता यहीं से निकलता है इसलिये क्षेत्र के विकास के लिये बी.डी. शर्मा को भारी मतों से विजयी बनायें और उन्होंने कहा कि 1977 के बाद जितने भी परिवर्तन हुये है उसमें से सबसे ज्यादा पिछले 10 वर्षों में हुये है। उनके सामने पिछले परिवर्तन न के बराबर है आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है इसकी जिम्मेदारी आपके कन्धों में है। वहीं बी.डी. शर्मा ने कहा कि हमारे बीच माननीय मंत्री महोदय उपस्थित है मुख्यमंत्री भी रोड शो तक पहुंचने वाले है आपने आगे कहा कि आप लोगों ने मुझे 2019 में विजयी बनाया 06 लाख से ज्यादा मतों से जीत दिलायी अब में पुनः आपके बीच में हूॅ आप अपना आर्शीवाद मुझे देकर विजयी बनायें भाजपा का हर बूथ का कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है। इस बार कमल में 370 मत जोड़कर विजयी बनाना है तथा मोदी जी को विजयी बनाना है।

### विपक्ष ने किटिक बदलकर हथियार डाल दिया

केन्द्रीय कपड़ा एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वो लोग आज भी साइकिल पर चलते है और साइकिल की मौज लेते है लेकिन अब जमाना बदल गया है जमाना बुलेट ट्रेन का है समर्थन का गठबंधन है एक दूसरे के समर्थन का नाम ही गठबंधन है जब में खजुराहो आ रही थी तब मेरे दिमाग में एक बात आई कि कांग्रेस की हार का क्या कारण है पहला कारण जो मुझे समझ में आया मेरे प्रदेशाध्यक्ष के सामने चुनाव लड़ने में डरते है तथा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया दूसरा कारण यह है कि जो एक दूसरे को आंख नहीं सुहाते थे एक दूसरे को धकलते बाहर ले जाते थे हार के डर से भागने की कांग्रेस की आदत सी पड़ गई है। ज्यादा पूंछना हो तो अमेठी वालों से पूंछ लो मुझे दिल्ली में भोपाल से फोन पर पता चला कि सपा को दी गई सीट का टिकिट बदल दिया है मैने कहा कि जिनकी डेली नियत बदलती है उनका टिकिट बदलना कोई आश्चर्य की बात नहीं है इसलिये बी.डी. भैया को मै जीत की अग्रिम बधाई देती हूॅ और कहा कि आप सत्य और धर्म के पक्ष में लड़ रहे है और वे असत्य और अधर्म के पक्ष में लड़ रहे है। वे लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने वाले ऐसे लोगों के प्रांगण से लड़ रहे है जिसके साथ धर्म हो उसकी जीत पक्की है। आज भाजपा कार्यकर्ता को गर्व होना चाहिये कि जिस पार्टी में कभी दो सांसद थे वह पार्टी आज 400 पार का नारा लगाने की झमता रखती है। सीना तानकर सिर ऊंचा कर वोटर के पास जाकर मोदी के लिये आर्शीवाद स्वरूप वोट मांगना है मै जनता जनार्दन से कहना चाहती हूॅ कि सपा को वोट देना अपना वोट जाया करना है। सपा को वोट देने का मतलब है उन ताकतों को वोट देना है जो देश के टुकड़े करना चाहते है। जो तिजोरियां लूट चुके है और अब भी नजर तिजोरियों पर है उनका यह कार्य पूरा नहीं हो पायेगा क्योंकि जनता कमल खिलायेगी और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेगी इसलिये बूथ पर जो कार्यकर्ता जाये वह सिर झुकाकर विनम्रतजा पूर्वक बूथ पर नजर गड़ा कर हांथ जोड़कर मोदी के लिये वोट मांगना है यह मोका हमें मिला है इसे छोड़ना नहीं है विनम्रता का भाव रखते हुये जनता से कहें कि जब कोविड में सिर पर मौत मडरा रही थी तब सब भाग खड़े हुये थे मात्र भाजपा का कार्यकर्ता घर-घर सेनेटाइजर और मास्क बांट रहा था भूखों को खाना खिला रहा था। अब यह भाजपा कार्यकर्ता आपसे वोट मांगने आया है अपना वोट देकर मोदी को आर्शीवाद प्रदान करें। जब विपक्ष की पार्टियां कह रही थी कि वेक्सीन न लगाओ विदेश से मांगाओ तब मोदी ने कहा कि हम हिन्दुस्तान में वेक्सीन बनायेंगे और घर-घर तक पहुंचायेंगे। हिन्दुस्तान का जौहर दिखायेंगे यह विश्वास किसी और का नहीं था मोदी जी का था। गौरतलब बात है कि इस बार भाजपा का प्रबंधन बिगड़ा नगर आया मुख्यमंत्री का पूरा कार्यक्रम अवयवस्था की भेंट चढ़ा साथ में आई प्रदेश की मीडिया ने भी कहा कि यह प्रबंधन समझ में नहीं आया।

## श्री बागेश्वर धाम अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज फाइनल मैच का समापन हुआ






**गुनौर।**

बागेश्वर धाम टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में विजय राजा बरहा सरपंच पटना सरपंच रामजी द्विवेदी भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री दिव्यांशु दहायत और चित्रेश प्रजापति शामिल रहे इस टूर्नामेंट के आयोजक आदित्य पाठक उर्फ देबू अध्यक्ष केसवेंद्र सिंह बुंदेला उर्फ सिकी राजा उपाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह उर्फ रघु राजा संयोजक अमित पटेल प्रतीक मिश्रा नमन मिश्रा शिवांशु सोनी देवांश द्विवेदी पारस जैन अन्य शामिल रहे इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच आदित्य 11 और पथरिया माता क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें पथरिया माता क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया विपक्ष में आदित्य 11 ने 15 ओवर में 118 रन बनाए जिसके जवाब में पथरिया माता क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज मात्र 104 रनों पर ढेर हो गए और यह मैच आदित्य 11 ने 14 रनों से जीत लिया मैच में मैन ऑफ द मैच अमन गुप्ता मैन ऑफ द सीरीज शिवांशु सोनी बेस्ट वेटर साहिल चनपुरिया और बेस्ट बॉलर राज परमार बने। इसी प्रकार क्रिकेट मैच का समापन कर खिलाड़ियों को सम्मानित पुरस्कार दिया।

### ओम शिव विद्या मंदिर से दो विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**पवई।** ओम शिव विद्या मंदिर स्कूल के नाम से संचालित प्राइवेट संस्था जो कि हाथकुरी में सन 2018-19 से लगातार संचालित है। वर्तमान सत्र 2023 -24 दो छात्र श्रेयांश गर्ग पिता श्री आशीष गर्ग और अंशुल कुशवाहा पिता श्री नेमचंद्र कुशवाहा जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है । इसी विद्यालय में 2018-19 में अध्ययन कर रही छात्रा अनामिका बुंदेला पिता श्री हुकुम सिंह बुंदेला 2019-20 रविंद्र कुशवाहा पिता श्री अशोक कुशवाहा 2020-21 में प्रिंस नामदेव और 2022-23 में हरिश्चंद प्रजापति ,अंश गर्ग ,अनुज दहायत, विक्रम नामदेव का कक्षा 6 में चयन हुआ था। विद्यालय का ग्रामीण परिवेश, कम सुविधाओ के होते हुए भी इस प्रकार के परिणाम और प्रगति देख संस्था के समस्त शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन निश्चित ही बधाई के पात्र है।

## नालियां चोक होने से गलियों में भरा गंदा पानी, पंचायत कर्मी बेखबर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहपुर**



बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर में चौराहा नन्ही खेर माता के यहां स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ाया जा रहा है। पंचायत कर्मी स्वच्छता के नाम पर राशि जरूर आहरण कर रहे हैं। फतेहपुर पंचायत में एक भी ऐसी गली नहीं जहां पर पर्याप्त सफाई हो। गंदगी के बीच ग्रामीण जीवन यापन करने को मजबूर हैं। साथ ही बीमारियां फैलने का भी संदेशा बना रहता है। जहां-तहां कचरे के ढेर एवं गलियों में गंदा पानी भरा नजर आ रहा है। वही मच्छरों की आतंक से ग्रामीणों का सोना हराम हो रहा है गांव की सड़क जर्जर है और बड़े-बड़े गड्ढे जिसमें नाली का गंदा पानी जमा है। इसमें हादसे भी हो सकते हैं। खासकर बच्चे एवं बुजुर्गों की आवाजाही में बड़ी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुड्डू खान जनपद सदस्य कुंदन आदिवासी, डॉक्टर कलीम पठान, पत्रकार गनेश राय, विनोद साहू, धर्मेंद्र साहू, आनंद तिवारी, संजय तिवारी ने बताया की पंचायत द्वारा पानी की निकासी के लिए नालियां बना दी पर सफाई नहीं की जाती जिसमें नालियां चोक हो गई। बरसों पहले बनाई गई सीसी सड़क भी उखड़ गई अब सिर्फ गड्ढे नजर आ रहे हैं। जिसमें नालियों का गंदा पानी जमा है। यहां का मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया जिसमें आना-जाना हो रहा है। कीचड़ होने से वाहन चालक फिसल कर गिरते हैं। मार्ग की यह स्थिति है की पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### 5 दिन से एक दाने की नहीं हुई खरीद

**छतरपुर।** 29 मार्च से जिले के 80 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से गेहूं की खरीद की जानी थी लेकिन 5 दिन गुजरने के बाद भी किसी भी खरीदी केन्द्र में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। सरकार ने 125 रूपए बोनस और 2275 रूपए गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित किया है इसके बाद भी किसान की गेहूं खरीदी केन्द्रों में जाने की अभी रूचि नहीं दिखायी दे रही। किसानों का कहना है कि वे अभी मौसम को ध्यान में रखते हुए खेतों में खड़ी फसल को घर पहुंचाने पर ध्यान दे रहे हैं। इसके बाद फसल की बिक्री पर विचार किया जाएगा।

### वाहन चैकिंग के दौरान ढाई लाख रुपए की राशि जप्त

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा समस्त थाना प्रभारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों को अंतर राज्य सीमा चेक प्वाइंटों पर सघनता एवं सभी थाना क्षेत्र में बारीकी से चेकिंग करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए थाना पिपट क्षेत्र के चेकिंग प्वाइंट नयागांव तिराहा पर पुलिस बल एवं एफएसटी की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से जा रहे अशोक कुमार निवासी जखरौन कला थाना सटई से 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि पाये जाने पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही कर राशि को विधिवत जप्त किया गया है।

### जेल में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दमोह।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक के निर्देशन में जिला जेल दमोह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय, सर्जन डॉ उमेश तंतुवाय, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ हेमराज सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सोमेश मिश्रा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सोनू शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रवीन्द्र कुमार उपस्थित रहे। शिविर में आये चिकित्सकों ने 45 पुरूष बंदियों तथा 09 महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों द्वारा बंदियों को उचित इलाज हेतु मार्गदर्शन एवं दवाएं प्रदान की गई। उक्त शिविर में जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति के निर्देशन में जेल में पदस्थ डॉ एस.एस. भदौरिया, मेल नर्स परवेज अख्तर एवं जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### स्कूल व स्टेशनरी का गठजोड़, अभिभावकों की तोड़ रहा कमर

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही निजी स्कूलों की निर्धारित दुकानों से खरीदी करने दबाव बनाने के मामले सामने आए है। स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए मोहन सरकार ने एक आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है ।

### एक दिन में बदला बंसीपुर का ट्रांसफार्मर

**बनवार।** जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के ग्राम बंशीपुर में 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बंद होने की वजह से ग्रामीणों को पेयजल जैसी अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था वावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या का निराकरण नहीं कर रहे थे ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए विद्युत कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर थे जिसकी खबर 15 दिन से गांव में बिजली बंद ट्रांसफार्मर खराब शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रहे अफसर, शीर्षक से खबर प्रकाशित होते ही अधिकारी हरकत में आ गए। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने एक ही दिन में बंशीपुर ग्राम का ट्रांसफार्मर बदल दिया । ट्रांसफार्मर बदले जाने से ग्राम वासियों ने राहत की सांस ली है। बता दें मंगलवार के अंक ट्रांसफार्मर की खबर प्रमुखता पर प्रकाशित की थी। जिसमें 15 दिन से खराब ट्रांसफार्मर की बजह बिजली बंद थी विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खराब ट्रांसफार्मर को बदलना तो दूर कागजी कार्रवाई भी करने को तैयार नहीं थे।

---

**नौगांव छतरपुर मार्ग का 15 करोड़ 53 लाख की लागत से हुआ विशेष मजबूतीकरण कार्य**

# आर्मी हवाई पट्टी के सामने ठेकेदार ने डामरीकरण कार्य छोड़ा, आवागमन में वाहन चालकों को ही रही परेशानी



नौगांव

**नौगांव** से छतरपुर मार्ग में चल रहे सड़क मजबूतीकरण कार्य को ठेकेदार के द्वारा अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया है, डामरीकरण कार्य आधा अधूरा होने के कारण सड़क 1 इंच से 2 इंच तक ऊंची होने के चलते आवागमन कर रहे वाहन चालकों को धचके भरे मार्ग से गुजरना पड़ रहा है, तो इन धक्कों के कारण बाइक पर बैठी महिला सहयात्री सहित वृद्धजन गिरकर घायल हो रहे हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### लोक निर्माण विभाग द्वारा नौगांव छतरपुर -

चंद्रपुरा के 23 किमी लंबे मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य के तहत सड़क पर डामरीकरण एवं 9 पुल पुलियों का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 15 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से उक्त निर्माण कार्य का प्रथ्वीपुर की रामराजा कंस्ट्रक्शन कपनी को ठेका देकर कराया जा रहा है। कंस्ट्रक्शन कपनी ने 2023 के आखिर में नौगांव से छतरपुर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य लगभग पूरा कर दिया, लेकिन नौगांव शहर में बीटीआई कॉलेज के पास से आर्मी आर्मी हवाई पट्टी तिराहे के सामने तक डामरीकरण की एक लेयर डाल कर, डामर की दूसरी लेयर और सीलकोट लेयर डाले बिना ही काम को अधूरा छोड़ दिया। इतना ही नहीं कंस्ट्रक्शन कंपनी कार्य अधूरा छोड़कर मशीनरी आदि सामग्री लेकर भी यहां से चली गई, ऐसे में बीटीआई कॉलेज से लेकर आर्मी हवाई पट्टी तिराहे तक सड़क मजबूतीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा अधूरे सड़क मार्ग पर पर डामर की दूसरी लेयर और सीलकॉट लेयर न डालने से सड़क 1 से 2 इंच तक ऊंची हो गई है, सड़क ऊंची होने के कारण नौगांव से छतरपुर जाने वाले दोपहिया वाहन सहित सभी वाहन चालकों को अचानक से सड़क पर धचके जैसी स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। जिस कारण से दो पहिया वाहन में सवाल महिला सहयात्री सहित वृद्धजन गिरकर घायल हो रहे हैं, तो वहीं आवागमन कर रहे वाहन चालकों को भी इस सड़क पर वाहन चलाने में परेशानी हो रही है, राहगीरों एवं स्थानीय रहवासियों ने मार्ग दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

नौगांव छतरपुर - चंद्रपुरा के 23 किमी लंबे मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य के तहत सड़क पर डामरीकरण एवं 9 पुल पुलियों का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें नौगांव क्षेत्र में डामरीकरण का कार्य हो गया है। बीटीआई कॉलेज से आर्मी हवाई पट्टी तिराहा तक के मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित था, प्रस्तावित कार्य के चलते मार्ग पर डामरीकरण का कार्य छोड़ दिया था, कलेक्टर से चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति मिल गई है, अब जल्द ही चौड़ीकरण कार्य के साथ ही अधूरे पड़े सड़क पर डामरीकरण कर मार्ग को दुरूत किया जाएगा।

**रामदत्त मिश्रा, उपयंत्री**
लोक निर्माण विभाग नौगांव

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा



**छतरपुर।** बिजावर के वार्ड क्रमांक 5 अलीगंज मोहल्ला में रहने वाले सलीम मंसूरी की मौत हो गई। युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल अवस्था में युवक के परिजन प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिला अस्पताल ला रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। उधर घटना को अंजाम देकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

बिजावर के रहने वाले बबलू मंसूरी ने बताया कि उसका भाई सलीम रात करीब 7 बजे मोटर साईकिल से गुलगंज रोड पर जा रहा था तभी उन्हें किसी ने सूचना दी कि चक्कर की सड़क के पास सलीम घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे और सलीम को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। यहां प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत नाजुक होने की स्थिति में परिजन जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे लेकिन ईशानगर तिराहे के पास उसकी मृत्यु हो गई।

# चालक को आयी झपकी, पलट गया ट्रेक्टर, 2 घायल



**छतरपुर।** भूसा लेकर गौरिहार गए लोग उस वक्त घायल हो गए जब ड्राईवर को नींद आ जाने के कारण ट्रेक्टर की ट्राली पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर मालिक और चालक को चोटें आयी हैं। 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेक्टर मालिक मनीराम प्रजापति निवासी खिरी थाना महाराजपुर ने बताया कि वह ट्रेक्टर-ट्राली में भूसा भरकर गौरिहार लेकर गया था। भूसा खाली कराने के बाद सुबह करीब 11 बजे अपने गांव के लिए निकला तभी गौरिहार के पास चालक धन्नी श्रीवास को नींद आ गयी जिससे ट्रेक्टर ट्राली पलट गयी। घटना में मनीराम और धन्नी को चोटें आयीं हैं। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाई गई जिसके सहारे उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# कृषि उपज मण्डी की परेशानियों से नहीं आ रहे किसान



**छतरपुर।** स्थानीय कृषि उपज मण्डी की समस्याओं के कारण किसानों का मोहभंग हो रहा है। व्यापारी और किसान समस्याओं से जूझने को मजबूर हैं। विभिन्न स्तरों में शिकायत की गई फिर भी व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं।

स्थानीय कृषि उपज मण्डी के व्यापारियों का कहना है कि आवारा जानवरों के कारण किसान मण्डी में अनाज बेचने नहीं आ रहे। गल्ला व्यापारी अंकित अग्रवाल ने बताया कि आवारा जानवर किसानों की अनाज से भरी बोरियां काटकर अनाज खाने लगते हैं। यदि किसान किसी कार्य से दाएं-बाएं हो जाता है तो उसके अनाज पर आवारा जानवर टूट पड़ते हैं। चूंकि मण्डी में पानी की भी विकराल समस्या बनी है इसलिए किसान और व्यापारी बेहद परेशान हैं। लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं है। शाम 7 बजे अंधेरा होने लगता है। यदि कोई किसान अपनी फसल की तौल के लिए मण्डी में रात गुजारता है तो उसे पानी, अंधेरा सहित अन्य अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं के बारे में एक अन्य व्यापारी भोले पिपरसानियां व अमित अग्रवाल ने प्रशासन का ध्यान खींचा है। अमित ने बताया कि आवारा बैल आपस में लड़-झगड़कर व्यापारियों और किसानों को चोटिल कर देते हैं। इतना ही नहीं उनके द्वारा फसल को भी नुकसान पहुंचाया जाता है। व्यापारियों ने बताया कि सचिव को लिखित शिकायत देने के साथ ही मुख्यमंत्री शिकायत निवारण 181 में भी शिकायत दर्ज कराई मगर कोई कारगर हल नहीं निकल सका है।

# दर्द से तड़प रही प्रसूता, सीढ़ियों के सहारे पहुंची महिला वार्ड

**जिला अस्पताल की लिफ्ट खराब, परेशान हो रहे मरीज**



**छतरपुर।** हाल ही में जिला अस्पताल की लिफ्ट खराब होने से कुछ समय तक मरीज और परिजन लिफ्ट में फंसने को मजबूर हो गए थे। लिफ्ट खराब होने से हा-हा कार की स्थिति निर्मित हो गई थी। जैसे-तैसे लिफ्ट ठीक कराई गई लेकिन इसके बाद भी जिला अस्पताल की लिफ्ट दुरूस्त नहीं हो सकी हैं। गंभीर मरीज और प्रसूता लिफ्ट के सहारे वार्डों में पहुंचाए जाते हैं लेकिन लिफ्ट खराब होने से ऐसे मरीजों को सीढ़ियों के सहारे तीसरी से चौथी मंजिल तक भेजा जा रहा है। लिफ्ट खराब होने से दर्द से तड़प रही प्रसूता को सीढ़ियों के सहारे महिला वार्ड तक ले जाया गया।अपने परिवार की प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल आयी राजकुमारी ने बताया कि लिफ्ट खराब है। प्रसूता का ऑपरेशन किया जाना है ऐसी हालत में उसे दूसरी मंजिल में स्थित महिला वार्ड तक कैसे ले जाया जाए। लिफ्ट खराब होने की स्थिति में परिजन प्रसूता को सहारा देकर सीढ़ियों के माध्यम से ऊपर ले गए। चूंकि दर्द अत्यधिक था इसलिए प्रसूता सीढ़ियों के माध्यम से दूसरी मंजिल तक जाने में कठिनाई महसूस कर रही थी। जिला अस्पताल के मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि लिफ्ट को दुरूस्त कराने की दिशा में अस्पताल प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है। उधर सूत्र बताते हैं कि मरीजों और परिजनों के अधिक दबाव के कारण लिफ्ट खराब हो रही है।

# पुलिस ने पकड़ी 10 पेटी अवैध शराब, एक आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आदर्श आचार संहिता एवं शांतिपूर्ण, सुरक्षित परिवेश हेतु समस्त थाना प्रभारी को नशाखोरों एवं अवैध रूप से नशा विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त एक्शन कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। छतरपुर जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां की जा रही है।

इसी क्रम में थाना भगवां को मुखबिर द्वारा रोड पेट्रोलिंग एंव कस्बा भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुई की ग्राम लडईयाखेरा पनवारी गांव के बाड़े में अवैध शराब की पेटी का संग्रह रखे है सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी भगवां निरी. आर.एस. उपाध्याय व पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम लडईयाखेरा पनवारी में बाड़े में छापामार कार्यवाही की गई। बाड़े में 10 पेटी अवैध देशी शराब रखी मिली। पकड़ी गई शराब की कुल कीमत 21 हजार रूपए आंकी गई है। वहीं अवैध शराब का संग्रह करने वाले आरोपी बृजलाल लोधी उम्र 35 साल पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# कलेक्ट्रेट में वाहन चैकिंग से मचा हड़कंप




**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर ट्रॉफिक पुलिस ने आज कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार में चैकिंग अभियान चलाया। कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों सहित अन्य लोगों पर यातायात के नियमों का पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की गई। यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार में कार्यालयीन समय पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में बिना हेलमेट के कार्यालय आए वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही आम के लोगों के लिए सबक है। उन्होंने कहा कि चाहे वह कोई भी हो यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को लगभग 100 लोगों के चालान किए

# बैरागढ़ में हुए अवैध उत्खनन पर मामला दर्ज कर लगाया जुर्माना




**छतरपुर।** बिजावर- पाटन मुख्य मार्ग से बैरागढ़ तक बन रही सड़क के कार्य में बड़ी मात्रा में वन भूमि से अवैध उत्खनन की खबर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से दिखाई थी जिसका संज्ञान लेते हुए बिजावर वन विभाग ने अपने क्षेत्र में हुए अवैध उत्खनन के मामले में वन अधिनियम 1927 धारा 33 के अन्तर्गत कक्ष क्रमांक पी 379 में मुरम के अवैध उत्खनन का मामला दर्ज किया है। वन अधिकारी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति पर 47 हजार का जुर्माना ठोका है। ज्ञात हो कि लंबे समय से सड़क निर्माण में बैरागढ़ वन भूमि से अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इस अवैध उत्खनन मामले में कथित तौर पर देवीसिंह यादव का नाम सामने आ रहा था। पत्रकारों ने वन अधिकारियों को इस अवैध उत्खनन मामले से अवगत कराया जिस पर वन विभाग ने मामले की जांच कर कार्यवाही की है।

# मतदाताओं को जागरूक करने नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**छतरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर संदीप जी आर के निर्देशो के परिपालन मे लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाकर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शासकीय शिक्षा महाविद्यालय छतरपुर के बीएड एवं एमएड के छात्रों के द्वारा नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता शीर्षक से आयोजित नाटक प्राचार्य एम.के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं स्वीप प्रभारी श्रीमती वीणा गुप्ता के तत्वाधान में संपन्न हुआ जिसमें छात्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र सिंह, पंकज चौबे, संतोष कुशवाहा, रीना घंघौरिया, राममिलन राय, प्रदीप चौरसिया, संगीता परिहार, विष्णु पाण्डेय प्रमुख रूप से शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम मे समस्त स्टाफ की सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डाले जाने हेतु जागरूक करना रहा।

# बालक ध्रुव ने पांच महीने की कठोर तपस्या से श्रीहरि से प्राप्त किया था वरदानः पं. रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय सिविल वार्ड 7 में अखण्ड रामायण महिला मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि ध्रुव जी राजा उत्तानपाद के पुत्र थे और उनकी मां सुनीति थी एक समय की बात है राजदरबार लगा था महाराज उत्तानपाद अपनी छोटी रानी सुरुचि एवं उसके पुत्र उत्तम के साथ राजसिंहासन पर बैठे थे तभी पांच साल छोटे से बालक ध्रुव खेलते खेलते दोस्तों के साथ राजसभा में पहुंच गए अपने छोटे भाई उत्तम को पिता की गोद में बैठे देखकर, छोटे ध्रुव भी पिता की गोद में बैठने की इच्छा की। लेकिन सुरुचि इसे कैसे सह सकती थी सुरुचि ने बालक ध्रुव से कहा अरे तुम्हारा यह साहस अगर तुम अपने पिता की गोद में बैठना चाहते है तो तपस्या करके भगवान् को प्राप्त करो भगवान को प्रसन्न करके मेरी कोख से जन्म पाने का अधिकार प्राप्त करे तभी तुम महाराज की गोद में बैठ सकते हो फिर सुरुचि ने ध्रुव जी का हाथ पकड़ कर उन्हें राजा की गोद से दूर कर दिया यद्यपि अबोध बालक ध्रुव ने पूरी बात तो समझ नहीं सके लेकिन उन्हें यह मालूम हो गया कि उसका अपमान हुआ है और वह भगवान को प्राप्त करके ही अपमान से मुक्ति हो सकते है इस बात को समझकर उन्होंने अमोघ भगवत कृपा का अनुभव करने का निश्चय किया अक्सर परेशानियाँ ही हमें भगवान की कृपा प्राप्त करने में मदद करती हैं छोटे से ध्रुव रोते-रोते अपनी माता सुनीति के पास पहुचे सुनीति ने उसकी पूरी बात सुनी और कहा बेटा सचमुच मैं अभागिनी हूँ। लेकिन बेटा तुम्हे बैठना ही है तो भगवान् श्री हरि की गोद के अधिकारी बनो और उन्हें प्राप्त करने के लिए तपस्या करो तुम्हारी छोटी माँ सुरुचि ने सही ही कहा है तुम उनसे कोई बैर मत रखो सच्ची प्राप्ति तो भगवान् को पाना ही है तुम्हारी इच्छा केवल भगवान से पूरी हो सकती है भगवान विष्णु की भक्ति से सब कुछ संभव है कुछ भी ऐसी चीज नहीं है जो भगवान नहीं दे सकते। भगवान विष्णु सब कुछ दे सकते हैं इस बात ने ध्रुव के मन में घर कर गई वह निर्मल ह्रदय के साथ यह विश्वास कर लिया कि भगवान विष्णु सब कुछ संभव कर सकते हैं ध्रुव जी ने दृढ़ निश्चय के साथ माता सुनीति से निवेदन किया मुझे वन में तपस्या करने की आज्ञा दे बेटा अभी तो तुम बहुत छोटे हो, कुछ बड़े हो जाओ।

# कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में 2 अप्रैल को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान कोतवाली पुलिस को टोरिया मोहल्ला में एक युवक के अवैध हथियार कट्टा नुमा अद्धी लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर ने पुलिस टीम को संदेही के संबंधित स्थान में भेजा गया। मुखबिर के बताए स्थान टोरिया मोहल्ला में एक पुलिस टीम पहुंची और पुलिस ने संदेही को घेराबंदी कर 315 बोर का देशी अद्दी, एक जिंदा कारतूस सहित पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम असलम अंसारी उर्फ मामू उम्र 46 वर्ष निवासी टौरिया मोहल्ला बताया। आरोपी का यह कृत्य आयुध अधिनियम के तहत दंडनीय होने से 315 बोर का कट्टा नुमा देशी अद्धी,1 जिंदा कारतूस जप्त कर थाना कोतवाली में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने की नियत से घूम रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस का अंतंराज्जीय/अंर्तजिला वार्डर में चेकिंग अभियान जारी



रीवा। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर रीवा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एवं आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु रीवा जिले की सीमा से लगे क्षेत्रों एवं उ.प्र. की सीमा के क्षेत्रों में लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है साथ ही शहरी क्षेत्र मे भी लगातार वाहन चेकिंग कर लोगो को आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु समझाइस दी जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान अवैध तस्करी एवं चुनाव प्रचार सामग्री का परिवहन करनें वाले लोगो पर सख्ती से नजर रखी जा रही है।

### नहर मे नहाते समय दो युवक डूबे एसडीआरएफ की टीम शव को किया बरामद



रीवा। जिले के बिछिया थाना अंतर्गत ग्राम भानपुर में दो युवक नहाते समय नहर में डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जहां 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव बरामद कर किया वही एसडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव बरामद कर पुलिस को सुपुर्द कर दिए। जहां से पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज जिला चिकित्सालय भेजा वही मृतक युवकों की पहचान धीरज कुशवाहा पिता राजकुमार कुशवाहा उम्र 16 वर्ष निवासी गोविंदगढ़ और कृष्णा कुशवाहा पिता राजेंद्र कुशवाहा उम्र 15 वर्ष निवासी बिछिया के रूप में की गई है।

### शहर के व्यस्ततम चौराहे में लगे ट्रांसफार्मर में लगी आग



रीवा। रीवा जिले बीच शहर सबसे ज्यादा व्यस्ततम इलाके सिरमौर चौराहे में बुधवार को सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने से ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। स्थानीय दुकानदारों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना बिजली विभाग को दी। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिजली विभाग के कर्मचारियों के मुताबिक ट्रांसफार्मर में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। स्थानीय निवासी सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सिरमौर चौराहा शहर का प्रमुख चौराहा है। जहां पर दिनभर लोगों की भीड़ बनी रहती है। समय रहते ही आग पर काबू पा लिया गया। नहीं तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।

हिन्दी रंगमंच दिवस पर गोष्ठी

# संस्कारों को झरने की तरह बहने दीजिए

**रीवा।** विश्व में हिंदी रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को मनाया जाता है। तीन अप्रैल 1868 की शाम काशी में शीतलाप्रसाद त्रिपाठी कृत हिन्दी नाटक 'जानकी मंगल' का मंचन हुआ। जून 1967 में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन को प्रामाणिक तौर पर पुष्ट किया है। इंग्लैंड के 'एलिन इंडियन मेल' के आठ मई 1868 के अंक में भी उस नाटक के मंचन की जानकारी भी प्रकाशित हुई थी। इसी आधार पर पहली बार उत्तरप्रदेश के रंगकर्मी एवम तत्कालीन सचिव, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ शरद नागर ने ही हिन्दी रंगमंच दिवस की घोषणा तीन अप्रैल को की थी। शरद नागर वरिष्ठ हिन्दी भाषा के मर्मज्ञ साहित्यकार पद्मभूषण अमृतलाल नागर जी के सुपुत्र है।

रंग अनुभव सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी की प्रस्तावना अध्यक्ष प्रवीण शुक्ला ने रखते हुए बताया कि हिंदी रंगमंच के स्थापना में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तत्कालीन काशी नरेश महाराज ईश्वरी प्रसाद नारायण सिंह ने निभाई। काशी की पारम्परिकता, आधुनिकता के दबाव से स्वयं बचने की कोशिश में रास्ता खोज रही थी। महाराज ईश्वरी प्रसाद नारायण सिंह जी ने दरबारी कवि गणेश को नाटक बनाने का काम करने को कहा। गणेश ने जो नाटक लिखा वह पारम्परिक और छन्दबद्ध था। महाराज दरबारी कवि लिखित नाटक संतुष्ट नहीं हुए। महाराज ईश्वरी प्रसाद नारायण सिंह नाट्य विधा की ऐसी परम्परा शुरू करना चाहते थे जो अंग्रेजी की नाट्य प्रस्तुति का मुकाबला कर सके और उनसे श्रेष्ठ साबित हो। तब महाराज ने स्वयं यह जिम्मेदारी पण्डित शीतलाप्रसाद त्रिपाठी को सौंपी। पण्डित शीतल प्रसाद त्रिपाठी ने शास्त्रीय संस्कृत नाटक, पारंपरिक



रामलीला और यूरोपीय नाट्य तत्वों को मिलाकर जानकी मंगल तैयार किया। बाबू ऐश्वर्य नारायण प्रसाद सिंह ने रामलीला के कलाकारों संग रिहर्सल शुरू किया। प्रस्तुति का स्थान चुना गया कैंटोनमेंट का असेंबली रूम्स एंड थियेटर जिसे बाद में 'रायल थिएटर' और अब 'नाच घर' के नाम से भी जाना गया।

नाट्य प्रस्तुति जानकी मंगल मंचन के ठीक पूर्व लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाला बाल कलाकार बीमार पड़ गया। नाटक स्थगित होने की नौबत आ गई। तभी 17 वर्षीय युवा हरिश्चंद्र वहां पहुंचे। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका करने को कहा। महाराज ने संवाद याद होना असंभव बताया तो उन्होंने घंटे भर में याद कर सुना दिया। फिर नाटक खेला गया। बाबू हरिश्चन्द्र के मन में अभिनय और हिंदी नाटक लेखन का उत्साह जगा और बाबू हरिश्चन्द्र ने खुद नाटक लिखना शुरू कर दिया। बाबू हरिश्चन्द्र ने अपनी कम उम्र में नाटकों की रचना की है, जिनकी कुल संख्या 17 है।

**मौलिक नाटक** - सत्य हरिश्चन्द्र, श्री चन्द्रावली, नीलदेवी, भारत दुर्दशा, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, सती प्रताप, अँधेर नगरी, विषस्य विषमौषधम् तथा प्रेम-जोगिनी।

अनूदित नाटक - मुद्राराक्षस, रत्नावली नाटिका, कर्पूरमंजरी, विद्यासुन्दर, पाखण्ड विडम्बन, धनंजय विजय, भारत जननी तथा दुर्लभ बन्धु।

**निबन्ध-संग्रह** - सुलोचना, मदालसा, लीलावती, दिल्ली दरबार दर्पण एवं परिहास-वंचका

इतिहास - अग्रवालों की उत्पत्ति , महाराष्ट्र देश का इतिहास तथा कश्मीर कुसुम।

**कविता-संग्रह** - भक्त सर्वस्व, प्रेम सरोवर, प्रेम तरंग, सतसई सिंगार, प्रेम प्रलाप, प्रेम फुलवारी, भारत-वीणा आदि।

**यात्रा वृत्तान्त** - सरयू पार की यात्रा, लखनऊ की यात्रा आदि।

**जीवनी** - सूरदास, जयदेव, महात्मा मुहम्मद आदि।

मनोज कुमार मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कार दिखने वाली वस्तु नहीं है। उन्हें केवल आप महसूस कर सकते हैं। ठंडी ठंडी फुहारों की तरह, पीढ़ी दर पीढ़ी ये संस्कार बहते रहते हैं। जब समाज और परिवार की ओर से संस्कारों का बहता झरना सूख जाता है तो फिर इंसान और चौपायों में कोई अंतर नही रह जाता। भारत में संस्कृत नाटकों की परम्परा तो बहुत पुरानी है। आचार्य भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र संस्कृत में लिखा था जिसे पंचमवेद कहा गया। मंच पर सिर्फ अभिनय रंगमंच नहीं। जब तक अनुशासन, समयबद्धता, मानवीय संवेदनाओं के प्रति सजगता, परिजनों के प्रति आदर भाव, स्व विवेक का सदुपयोग, ह्रदय, चेतना और बुद्धि के समुचित इस्तेमाल की समझ, प्रतिबद्धता, निष्ठा जैसे भाव जागृत न हों रंगमंच यानी थिएटर का ज्ञान अधूरा ही है। अब तो गैर हिन्दी भाषी भारतीय क्षेत्रों के साथ ही पाश्चात्य देशों में भी हिन्दी नाटकों का मंचन होता है, और अन्य भाषाओं के नाटकों का रुपांतरण भी हिन्दी भाषा में किया जाने लगा। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का साहित्य में स्थान निःसन्देह हिन्दी-साहित्याकाश के प्रभामण्डित इन्दु भारतेन्दु जी ही हिन्दी भाषा में गद्य-साहित्य के जन्मदाता थे। आज भी साहित्य का यह इन्दु अपनी रचना-सम्पदा के माध्यम से हिन्दी-साहित्य गगन से अमृत-वृष्टि कर रहा है। गोष्ठी में सुधीर सिंह, राजमणि तिवारी, विपुल सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, प्रीति गौतम, सुमन मिश्रा, अंशिका, मुकुल, श्रुतिकीर्ती, राजवीर, आराध्या, स्निग्धा, खुशबू, प्रफुल्ल, अजय, अमित एवम अन्य कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## बैकुंठपुर पुलिस के उदासीनता के चलते चोरों के हौसले बुलंद

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम दोहा में रहने वाले कमला कान्त पाण्डेय पिता करुणा प्रसाद पाण्डेय के सुने मकान को चोरों ने निशाना बनाकर घर में रखें पैसे सहित गहने लेकर फरार हो गए जिसकी शिकायत फरियारी ने बैकुंठपुर थाने में की वही पुलिस ने मामले में सामान्य धाराओं के तहत मामला कायम किया है फरियादी का कहना है एफ आई आर करने के बाद पुलिस आज तक उनके घर जांच करने नहीं आई और न किसी प्रकार कि कार्रवाई की है जिसकी शिकायत लेकर फरियादी कमला कांत पाण्डेय बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपना शिकायत पत्र सौंपते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह से न्याय की मांग की है फरियादी कमला कान्त पाण्डेय ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि वो अपने नाती का व्रतबन्ध व भतीजे की शादी के कार्यक्रम दिनांक 6/3/2024 बुधवार को घर के सभी सदस्यों सहित चले गए थे उसी दिन घर को सुना पाकर चोरों ने ढाबा बोल दिया सभी कमरों के ताले तोडकर पेटिया उठाकर ले गये घर से कुछ दूर ले जाकर ताला तोड़कर सोना खाँदी व नगदी लेकर चोर रफूचक्कर हो गए वही फरियादी का कहना है कि उनकी बेटियां शादी के योग्य है जिनके शादी के लिए वह गहने रखे हुए थे चोरों ने उसे पार कर दिया वहीं बैकुंठपुर पुलिस अभी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है वही पूरे मामले की जानकारी देते हुए फरियादी कमला कांत पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग करते हुए चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बैकुंठपुर पुलिस को आदेशित करने की बात कही है




न्याय की मांग लेकर फरियादी पहुंचा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

### इनका कहना है

चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी जहां मौका मुयायना किया गया था घर के सारे लोग किसी कार्यक्रम में घर से बाहर गए हुए थे जिसके कारण चोरों ने सुने घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अनजाम दिया था कुछ संदेहिओ को चिन्हित किया गया है जिनकी पता तलाशी की जा रही है वहीं फरियादी द्वारा कुछ गांव के ही लोगों को चिन्हित कराया गया था उनको थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है

**विजय सिंह थाना प्रभारी बैकुंठपुर**

## स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा।** दिव्यांजन पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा वर्ल्ड ऑटिज्म डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ डीन शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सी.बी शुक्ला पूर्व अधीक्षक एस.जी.एम.एच, डॉ. के.के. परौहा, मनीष बजाज सी.ए. उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री रामसेवक साहू जी ने किया। विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के. के परीहा, डॉ. प्रियंका त्रिपाठी गाइनिकोलॉजिस्ट एस.जी.एम.एच. एवं प्राचार्या ऊषा साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विकलांगता से बचने हेतु गर्भावस्था से पूर्व, गर्भावस्था के दौरान तथा उसके पश्चात रखी जाने वाली सावधानियों एवं शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण तथा देखभाल के साथ-साथ उनके आयुवार क्रमिक विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा ऑटिज्म जागरूकता के अंतर्गत उसके लक्षण, निदान, शीघ्र पहचान और शीघ्र हस्तक्षेप आदि के बारे में बताया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभाशाली बच्चे राष्ट्रीय स्तर के टेबल टेनिस के खिलाडी विवेक कुशवाहा, राष्ट्रीय स्तर के साइकलिंग के खिलाडी ओम साहू एवं अंशिका साकेत को पुरूस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया एवं संस्था द्वारा अतिथियों एवं विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर शुभांगी सौंधिया, रूचि पाठक, ऋचा श्रीवास्तव, आरती वर्मा, अशोक पटेल सहित अन्य स्टाफगण, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।




# किताबें और ड्रेस खरीदने में स्कूल अब नहीं कर सकेंगे मनमानी

**रीवा। रीवा जिले के शासकीय और निजी स्कूल तथा कालेजों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश, विद्यार्थियों की फीस, किताबें और ड्रेस खरीदने के संबंध में गंभीर शिकायतें मिली हैं।**

इन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (5) के तहत एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, शिक्षण संस्था के प्राचार्य तथा प्रबंधक के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल अथवा अन्य शिक्षण संस्थान पुस्तकें, ड्रेस अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए किसी विशेष दुकान से बाध्य नहीं कर सकेंगे। जिले के सभी अशासकीय स्कूल जो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) अथवा आईसीएसई से संबद्ध हैं उनमें यह आदेश पूरी तरह से लागू होगा। निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रवेश

**निजी स्कूलों में प्रवेश की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए जारी है धारा 144 के तहत आदेश**

प्रारंभ की तिथि, प्रक्रिया, स्कूल में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों, स्टेशनरी, पठन-पाठन सामग्री, स्कूल बैग, ड्रेस, स्पोर्ट्स किट, परिवहन सुविधा एवं फीस के संबंध में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से ली जाने वाली राशि स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। इसे स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करें।

जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल उसमें प्रवेश की विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने के संबंध में पूरी जानकारी स्कूल के सूचना पटल और वेबसाइट में उपलब्ध कराएं। इसके लिए यदि अभिभावकों से किसी भी तरह की राशि ली जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख करें। सभी निजी स्कूल केवल उन्ही पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण करें जो उसकी संबद्धता वाले बोर्ड से स्वीकृत हों। निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को केवल चुने हुए दुकानदार से पुस्तकें, ड्रेस, टाई, जूते, स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए विद्यार्थी स्वतंत्र होंगे। स्कूल संचालक विद्यार्थी की ड्रेस को छोड़कर किसी भी पाठ्य सामग्री पर स्कूल का नाम उल्लेखित नहीं करेंगे। स्कूल यदि ड्रेस में कोई परिवर्तन करता है तो वह आगामी तीन शिक्षण सत्रों तक यथावत लागू रहेगा। तीन वर्ष के बाद ही इसमें परिवर्तन हो सकेगा।

जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को दी जा रही परिवहन सुविधाओं के संबंध में शासन, परिवहन विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का कठोरता से पालन करेंगे। छात्रों को परिवहन सुविधा देने पर अभिभावकों से ली जाने वाली राशि नियम तीन के उप नियम दो के खण्ड चार के अनुसार प्रस्तावित फीस संरचना में शामिल करें। सभी निजी स्कूल संचालक आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से कक्षावार पुस्तकों और उनके लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य सूचना पटल पर प्रदर्शित करें। विद्यार्थियों अथवा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने पर सूची उन्हें उपलब्ध कराएं। सभी स्कूल प्रबंधक इस सूची को स्कूल की वेबसाइट, रीवा एनआईसी डॉट इन तथा डीओआरई डब्ल्यू डॉट एमपी एट द रेट एनआईसी डॉट इन पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल प्रबंधक सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख करें कि पुस्तकें, ड्रेस तथा अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने की बाध्यता नहीं है। पुस्तकों के अतिरिक्त स्कूलों द्वारा यूनिफार्म, जूते, कॉपियाँ आदि की बिक्री का प्रयास नहीं किया जाएगा। स्कूल की स्टेशनरी, ड्रेस तथा अन्य पठन-पाठन सामग्री में स्कूल का नाम प्रिंट करवाकर दुकानों से क्रय करके अथवा किसी एक विशिष्ट दुकान से बिक्री कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## बिजली बिल वसूली में ईस्ट डिवीजन रीवा रहा अव्वल

**रीवा।** बिजली बिजली विभाग रीवा के पूर्व संभाग में बिजली वसूली में 10.89 करोड़ 92% वसूली कर पूरे सर्किल में अव्वल रहा। ईस्ट डिविजन के डी ई सुशील कुमार यादव ने इस रिकॉर्ड तोड़ बिजली बिल वसूली का श्रेय अपने सभी वितरण केंद्र को दिया जिसमें मानिकवार के जे ई ए एन शर्मा, मनगवा के जेई आकाशदीप, गंगेव के जेई शंकर मिश्रा, रायपुर के जेई अजय मिश्रा, उपसंभाग एई लक्ष्मण डामोर, वितरण केंद्र गुढ में रमाशंकर पाठक जेई, गोविंदगढ में मनीष सिंह जेई, बदराव में जेई कुंदन श्रीवास्तव, एई अंसुल नारायन प्रसाद के कुशल नेतृत्व, आरएमएस प्रभारी वीके पांडे, राहुल शुक्ला एवम डिविजन की पूरी टीम व ईस्ट के सभी वितरण केंद्र के अधिकारी एवं स्टॉफ, आउटसोर्स कर्मचारी की सामूहिक टीम की समिल है जिनके अथक प्रयास के कारण रिकार्ड तोड 10.89 करोड़ इतिहासिक राजस्व वसूली किया जाना संभव हो पाया जो की पिछले मार्च की तुलना में 3.85 करोड़ ज्यादा है। रीवा का क्षेत्र राजस्व वसूली में पूरी कम्पनी में सबसे कठिन माना जाता है। पूरे डिविजन में पिछले वित्तीय माह की तुलना में 54% अधिक राजस्व आया है। वही इस रिकार्ड तोड वसूली में वरिष्ठ अधिकारी मुख्य अभियन्ता रीवा आई के त्रिपाठी एवं एसई श बीके शुक्ला, डी ई सुशील यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन, कुशल नेतृत्व की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही वही दूसरी ओर मानिकवार वितरण केंद्र ने पूरे रीवा सर्किल में 145% राजस्व वसूली कर में प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही ईस्ट डिविजन के गगेव ने दिए गए लक्ष्य का 122%, बदराव 101% बिजली बिल वसूली की गई। मानिकवार 1.5 करोड़ , गोविन्द गढ़ में 2.38 करोड़, मनगवा में 1.95 करोड़, गुढ में 1.69 करोड़, बदराव 1.73 करोड़, रायपुर कलचुरियांन 0.90 करोड़, गंगेव 0.75 करोड़ टीम की मेहनत, लगन के कारण वसूली लक्ष्य प्राप्त किया गया। रीवा वृत्त ने पूरी कम्पनी के 19 जिलों में दिए गए लक्ष्य का 138% रिकॉर्ड वसूली कर दूसरा स्थान प्राप्त किया पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के प्रबंध संचालक अनय दिवेदी ने रीवा की टीम को राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाई दी गई।



### अधिकारी आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करें - जिला निर्वाचन अधिकरी

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता पूरे जिले में प्रभावशील है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को आदर्श आचरण संहिता के पालन के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारियों को चुनाव में बिल्कुल निष्पक्ष रहना चाहिए। यह आवश्यक है कि वे किसी को यह महसूस न होने दे कि वे निष्पक्ष नहीं है। जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास होना चाहिए तथा उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे ऐसी आंशका भी हो कि वे किसी दल या उम्मीदवार की मदद कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान या प्रचार में भाग नहीं लेना चाहिए तथा उन्हें यह देखना चाहिए कि उनकी हैसियत या अधिकारों का लाभ कोई दल या उम्मीदवार न ले सके। निर्वाचन में किसी अभ्यर्थी के लिए कार्य करना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के प्रावधानों के विपरीत है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान अधिकारी, कर्मचारी न तो किसी अभ्यर्थी के लिए कार्य करेंगे और न मत डालने में कोई असर डालेंगे। इसके अतिरिक्त कोई शासकीय सेवक निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता के रूप में कार्य नहीं कर सकता है।

## कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा आज भरेंगी नामांकन फॉर्म

**रीवा।** लोकसभा क्षेत्र रीवा की कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा सुबह 11:00 बजे अपना नामांकन फार्म कलेक्ट्रेट में भरेगी। इस दौरान पूरे जिले से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया है कि सुबह 10:00 बजे सभी कांग्रेस कार्यकर्ता वृंदावन गार्डन में एकत्र होंगे और उसके पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेंगे जहां नामांकन फार्म जमा किया जाएगा। नामांकन फार्म जमा करने के पूर्व वृंदावन गार्डन से लेकर कलेक्ट्रेट तक एक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर , प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, मनोज सराफ, चुनाव सह प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना आदि भी शामिल होंगे। इस संबंध में यह भी बताया गया है कि नामांकन पत्र जमा होने के बाद वृंदावन गार्डन में ही एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने समस्त जिला पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों मंडलम, सेक्टर, प्रभारी तथा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।



### सी-विजिल मोबाईल एप से आम नागरिक कर सकते हैं चुनाव संबंधी शिकायत

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रियाओं को पारदर्शी और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में मोबाईल एप सी-विजिल उपयोग किया जा रहा है। इस मोबाईल एप का उपयोग विभिन्न चुनावों में किया जा चुका है। इसके अच्छें परिणामों को देखते हुए मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 में भी इस मोबाइल एप का उपयोग किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सी-विजिल मोबाईल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गोपनीय तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करने वाली गतिविधियों, आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना, फोटो एवं वीडियो के साथ बिना अपनी पहचान उजागर किये प्रेषित कर सकेगा। यह एप सिर्फ आदर्श आचरण संहिता लागू होने की अवधि में ही सक्रिय रहेगा। सी-विजिल मोबाईल एप एक नई प्रणाली है। इस मोबाईल एप को कोई भी व्यक्ति अपने एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर सकता है। इस एप के माध्यम से आम नागरिक भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। इस मोबाईल एप के द्वारा कोई भी व्यक्ति आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित घटना की फोटो और वीडियो सीधे भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेज सकता है। इस एप के माध्यम से की गई शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय के कंट्रोल रूम मे भी दिखाई देगी। इस मोबाईल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायत का निराकरण 100 मिनिट के भीतर किया जायेगा।